दिनांकः 13.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज अपने प्रदेश दौरे के तहत अजमेर के बांदरसिंदरी में केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया और लोगों से अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी का आग्रह किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति का नागौर जिले के खरनाल स्थित वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम है। श्री धनखड़ अजमेर के सुरसुरा में वीर तेजाजी की निर्वाण स्थली के दर्शन भी करेंगे।

....

जयपुर के जोबनेर में स्थित श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय आज स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े शिरकत कर रहे हैं। श्री बागड़े का जोबनेर में डेयरी एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज के लोकार्पण का भी कार्यक्रम है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

....

भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता सुंदरलाल 'काका' का निधन हो गया है। उन्होंने आज जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में अंतिम सांस ली। सुंदरलाल काका शेखावाटी के प्रखर नेता माने जाते हैं। वे झुंझुनूं के सूरजगढ़ और पिलानी विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे थे। वे दो बार कैबिनेट मंत्री, एक बार राज्य मंत्री तथा एक बार संसदीय सचिव भी बने। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काका के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सुंदरलाल का देवलोकगमन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

....

भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारों के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने और बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने

के लिए समय समय पर औचक जांच भी की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स जैसे वैन उपलब्ध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए।

....

लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती और तेजादशमी आज प्रदेशभर में धार्मिक आस्था के साथ मनाई जा रही है। जगह–जगह वीर तेजाजी और बाबा रामदेव के मंदिरों में मेले भर रहे हैं। जैसलमेर के रामेदवरा में बाबा रामदेव के मेले में दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और मंदिर में बाबा की समाधि के दर्शन कर मनौती मांग रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। इधर, सोनार दुर्ग स्थित प्राचीन रामदेव मंदिर में भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। झुंझुनूं के नवलगढ में आज से बाबा रामदेव का मेला शुरू हुआ। नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। तेजादशमी पर तेजाजी की जन्म स्थली नागौर के खरनाल और निर्वाण स्थली अजमेर के सुरसुरा में मेला भर रहा है।
राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती और तेजादशमी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि लोक देवता रामदेवजी और तेजाजी का जीवन लोक कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने रामदेव जी और तेजाजी के बताए आदर्श मार्ग को अपनाते हुए दीन–दुखियों की सेवा और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखने का आह्वान किया है।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बादल गरजने के साथ बारिश हुई। जयपुर, दौसा, सीकर, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, कोटा, झालावाड़ तथा बारां जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर बारिश सवाईमाधोपुर के मित्रपुरा में रिकॉर्ड की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश से आज से ही राहत मिलने की संभावना है। इस बीच, आज भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

....